न्यूज ब्रीफ

### समाधान दिवस में आईं मात्र दो शिकायतें

**कलान, अमृत विचार :** शनिवार को थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में तहसीलदार सृजित कुमार की अध्यक्षता में जन शिकायतों की सुनवाई की गई। समाधान दिवस में मात्र दो शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा, कानूनगो विश्राम सिंह, दूरबीन सिंह, सुरेश कुमार तथा लेखपाल शशिकांत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग को जांच व आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया।

### फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन के लिए फार्म वितरित

**तिलहर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य किए जाने के बाद प्रशासन ने सत्यापन प्रक्रिया तेज कर दी है। शनिवार को जिला मुख्यालय से आए लगभग 50 हजार फार्म सत्यापन के लिए लेखपालों को वितरित किए गए। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि अब किसान सम्मान निधि का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कराई होगी। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल किसान बही की तरह कार्य करेगी। रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को सम्मान निधि के साथ गोल्डन कार्ड भी मिलेगा, जिससे भविष्य में अन्य योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी।

### श्री रामकथा 20 से 28 तक होगी आयोजित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से श्री रामकथा कार्यक्रम 20 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन सायं 4 से 8 बजे तक चित्रा टाकीज परिसर में आयोजित होगा। यह जानकारी आयोजक मंडल के सदस्य ने दी है। उन्होंने बताया कि श्री राम कथा में संत अंजनी शरण महाराज श्रीमुख से श्री राम कथा सुनाएंगे। उन्होंने बताया कि मानस पोथी यात्रा 19 फरवरी 2026 को दोपहर 2 :00 बजे से श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, गर्रा से प्रारंभ होकर कथा स्थल पर समाप्त होगी।

### महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरों में तैयारियां तेज

**खुदागंज, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। रविवार को पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिरों और शिवालयों में साफ सफाई, रंगाई पुताई और आकर्षक सजावट का कार्य तेजी से चल रहा है।

## विकसित भारत के निर्माण के लिए लोग अच्छे कार्यों की ओर अग्रसर हों

### अटल ऑडिटोरियम में हुई संगोष्ठी में बोले अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



अटल ऑडिटोरियम में 'कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत' विषयक संगोष्ठी में बोलते मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू तथा उपस्थित गणमान्य नागरिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रबुद्धजनों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संगोष्ठी गई।

कर्मयोग, मद्य निषेध एवं विकसित भारत विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। प्रधानमंत्री का जो सपना है कि भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाया जाए उसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे की ओर जाएगा, वह बाद में अवश्य पछताएगा। इसलिए सही मार्ग पर चलना और सही बातों को समझना आवश्यक है। इसके लिए मन और बुद्धि के स्तर पर संवाद करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि भारत ऋषियों और मुनियों की पावन धरती है। जितनी तपस्या भारत में हुई है, उतनी विश्व में कहीं नहीं हुई। मन को वश में रखने और अच्छे कार्य करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता सर्वश्रेष्ठ शास्त्र है। सभी महापुरुषों ने अपने जीवन में अध्यात्म को प्राथमिकता दी है। विकसित भारत के निर्माण के लिए लोगों को अच्छे कार्यों के लिए मंथन और चिंतन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रकार के नशों से मुक्त होकर आध्यात्मिकता की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। पूरे मनोयोग से विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करें। सकारात्मक सोच के साथ प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करें। सभी लोगों को मिलकर भारत को महान बनाना है। भारत को विकसित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने क्षेत्र में पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर शिक्षा, सुरक्षा और योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। व्यक्तियों के अंदर सेवा भाव होना आवश्यक है। अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना चाहिए। लोग विभिन्न प्रकार के नशों से दूर रहें। भारत ऋषि-मुनियों का देश है, इसे पुनः विश्वगुरु बनाना है। सकारात्मक विचारों, मेहनत और लगन के साथ प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करना होगा। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि संगोष्ठी में बताई गई बातें अपने कार्यालय एवं घरों में बताएं। उन्होंने कहा कि बताई गई बातों का फैलाने कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन डा इंदु अजनबी ने किया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर अजय वीर सिंह यादव, क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी आरएल राजवंशी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## आर्य समाज में मनाया ऋषि दयानंद का जन्मोत्सव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आर्य समाज टाउन हॉल रोड में ऋषि दयानंद सरस्वती का 202वां जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः यज्ञ से हुई, जिसके उपरांत भजन एवं उपदेश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पं. प्रदीप शास्त्री-पुरोहित की ओर से किया गया।

आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि ऋषिवर दयानंद ने जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत वैदिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने कहा कि वेदों का ज्ञान ऋषि ब्रह्मा से लेकर जैमिनि तक विश्व पटल पर पहुंचाया गया। स्वामी दयानंद का मानना था कि वेदों से प्राप्त सत्य ज्ञान ही राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव जाग्रत करता है। उन्होंने कहा कि वेद ही सभी सत्य विद्याओं का मूल ग्रंथ है और सनातन धर्म का आधार है। वेदों में विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा और युद्ध कला सहित अनेक विषयों का ज्ञान निहित है। उन्होंने सभी से वेदों के मार्ग पर चलकर मानव कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वेदपाल सिंह, प्रदीप, जितेंद्र नाथ आर्य, सत्येंद्र शास्त्री, भुवनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, सुशीला देवी, वंदना सिंह, जगवीर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हिंदू सम्मेलन में राष्ट्र प्रेम और संगठित रहने का दिया संदेश

- गांव चन्युरा में आयोजित किया गया हिंदू सम्मेलन
- मातृशक्ति, राष्ट्र चिंतन और संगठन पर वक्ताओं ने रखे विचार

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव चन्युरा में बगहा बाबा हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से शनिवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद मातृशक्ति और राष्ट्र विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

सम्मेलन में मातृशक्ति राष्ट्रीय चिंतन एवं हिंदू चिंतन संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विचार रखे। मातृशक्ति विषय पर ब्रह्म कुमारी आश्रम से कुमारी ज्योति ने वंदे मातरम् के साथ अपने वक्तव्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् ऊर्जा देने वाला गीत है। उन्होंने कहा कि अंग्रेज शासनकाल में इस गीत पर सजा दी जाती थी और वर्तमान समय में भी इस पर राजनीति की जा रही है, जो समाज के लिए उचित संदेश नहीं है।

उन्होंने 14 फरवरी का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी दिन राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु को ब्रिटिश शासन द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी। पुलवामा आतंकी हमला भी 14 फरवरी को हुआ था। उन्होंने राष्ट्र प्रेम और आत्म परिवर्तन का संदेश देते हुए कहा कि पहले स्वयं को बदलना आवश्यक है। सज्जन शक्ति से हरपाल सिंह ने कहा कि जाति से ऊपर उठकर हिंदू चिंतन की बात करनी चाहिए। मुख्य वक्ता अशोक कुमार बाबू भैया ने भारत की गौरव गाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में हिंदू समाज के लिए जनजागरण का कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम अध्यक्ष उदयवीर ने श्रीराम के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने वनवास काल में विभिन्न वर्गों को संगठित कर धर्म रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संत मंगली दास महाराज, राजा भैया, सर्वेश त्रिपाठी, विनय सिंह, अमित सिंह, राजकुमार सिंह, शिव हरी, छत्रपाल, धर्मवीर, गौरव कुमार, अमित कुमार, सुधीर कुमार, राजेंद्र सिंह, गिरिराज, अनुज कुमार, अंश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सहकारिता मंत्री ने पैक्स चौड़ेरा का किया आरंभ



पैक्स चौड़ेरा का उद्घाटन करते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विकासखंड भावलखेड़ा स्थित नवगठित पैक्स चौड़ेरा का आरंभ सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया।

मंत्री ने कहा कि सहकारी समितियां किसानों को सस्ती दर पर ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने खाद की बोरियां वितरित कर कार्य का आरंभ किया। कार्यक्रम में डीपीएस राठौर, श्याम बाबू दीक्षित, छमा वर्मा, शरद कुमार सिंह, अजीत सिंह, संजय मिश्रा, अखिलेश प्रताप सिंह, सौरभ द्विवेदी, संजय सिंह, राकेश सिंह, सुधीर पाठक, अखिल प्रताप सिंह, नवनीत पाठक, बॉबी, मनोज वर्मा, सुनील वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## एनसीसी के सी सर्टिफिकेट की हुई प्रैक्टिकल परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 25 यूपी बटालियन एनसीसी में शनिवार को सी सर्टिफिकेट की प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित हुई। इसमें गन्ना कृषक डिग्री कॉलेज पूरनपुर, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज बिसलपुर, एसएस पीजी कॉलेज शाहजहांपुर और जीएफ कॉलेज शाहजहांपुर के 191 कैडेट शामिल हुए।

परीक्षा का आयोजन 8 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल समीर सिंह बिष्ट सेना मेडल, प्रशासनिक अधिकारी मेजर नीलिमा गौर की ओर से किया गया। सूबेदार मेजर सुनील सिंह रावत, सूबेदार सरवानन, सूबेदार अरविंद कुमार और सूबेदार जतिंदर सिंह मौजूद रहे। लिखित परीक्षा 15 फरवरी को एसएस कॉलेज शाहजहांपुर में होगी।

## पर्यावरण और जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

- मऊ खालसा में जीएफ कालेज के एनएसएस शिविर का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




जीएफ कॉलेज में एनएसएस के विशेष शिविर को झंडी दिखाकर रवाना करते विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जीएफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस छात्रों में नागरिक कर्तव्य की प्रबल भावना विकसित करने में मदद करता है। स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों जैसे सामुदायिक सेवा कार्यों के माध्यम से स्वयंसेवक सीखते हैं कि वे केवल व्यक्ति नहीं बल्कि समाज निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। शिविर के प्रथम दिवस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रज़ा रसूल के नेतृत्व में प्रथम छात्र इकाई का शिविर मऊ खालसा गांव प्राइमरी स्कूल में आयोजित हुआ।

स्वयंसेवियों ने मऊ खालसा प्राइमरी स्कूल के बच्चों एवं गांव के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य भावनात्मक लचीलेपन को बढ़ाता है,रिश्तों को बेहतर बनाता है और तनाव और और कठिनाइयों से प्रभावी ढंग से निपटने में सहायक होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ समन ज़ेहरा ज़ैदी के नेतृत्व में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई का शिविर प्राथमिक विद्यालय प्रथम दिलाज़ाक मोहल्ले में स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान के बाद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे प्लास्टिक का प्रयोग न करे,जल का संरक्षण करे, पेड़-पौधे लगाएं ।स्वयंसेवियों ने "पेड़ नही लगाओगे तो, ऑक्सीजन कहां से पाओगे" ,"आज जल बचाएंगे तो कल जीवन पाएंगे " आदि नारे भी लगाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निज़ामुद्दीन खान की देख- रेख में तृतीय मिश्रित छात्र-छात्रा इकाई का शिविर कंपोजिट विद्यालय दिलाज़ाक में आयोजित किया गया। स्वयंसेवियों को डॉ रज़ी ने ब्लड प्रेशर, डाईबेटिक आदि बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सा सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रथम दिन शिविर में मोहसिन, राजा बाबू, विवेक, सूरज, अभिनव, साक्षी श्रीवास्तव, आलिया, प्रियंका, गौरी, शिवांगी आदि का विशेष योगदान रहा।

## नौनिहालों को अच्छे संस्कार देने पर जोर

- प्रबुद्ध सम्मेलन व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



विश्वकर्मा मंदिर परिसर में सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के तत्वावधान में विश्वकर्मा मंदिर परिसर में समाज का प्रबुद्ध सम्मेलन और वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने पर बल दिया।

विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के केन्द्रीय संचालक राम सुमिरन शर्मा ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध जनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने नौनिहालों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर देश का गौरवशाली नागरिक बनाएं, ताकि वे समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल के नागरिक बनेंगे, इसलिए उनके व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में केन्द्रीय संचालक ई. राम नरेश शर्मा ने अभियान के लक्ष्य और उद्देश्य की जानकारी देते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को एकीकृत कर ही विश्वकर्मा समाज को भागीदारी दिलाई जा सकती है। इसी उद्देश्य से अभियान निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर राधारमण शर्मा, रमाशंकर शर्मा, जयराम विश्वकर्मा, रामसरन शर्मा, रमेश कुमार शर्मा, शिव चंद्र शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, जगन्नाथ शर्मा और विजयपाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र, पटका और माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा सुंदरकांड की पुस्तक भेंट की गई। कार्यक्रम में सहायक श्रमायुक्त विद्या प्रकाश शर्मा, राजेश शर्मा, रामसेवक शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, संत कुमार विश्वकर्मा, डॉ. सुधीर शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता जगन्नाथ शर्मा ने की और संचालन देवज्ञरूप शर्मा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के प्रदेश प्रभारी नरेश पांचाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। भूमि विकास बैंक पुवायां के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए सर्वेश शर्मा को भी माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी की ओर से जिला मुख्यालय पर मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने डील को किसानों और आम नागरिकों के हितों के विरुद्ध बताया। कहा कि इससे आम जनता के सामने अच्छे परिणाम नहीं आएंगे। इस दौरान जिला प्रभारी दानिश खान, जे बी सिंह, अनुराग रस्तोगी, जोगेंद्र प्रजापति, वीरेंद्र प्रताप, अखिलेश वर्मा, आशीष द्विवेदी, सदाकत अली, गजेन्द्र शर्मा, अब्दुल्ला सक्लेन, सुभाष चौहान, बहाबुद्दीन, अमन कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## भुगतान को लेकर आशाओं का धरना



बकाया भुगतान की मांग को लेकर धरने पर बैठी आशाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, निगोही

- निगोही में चल रहे धरने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निगोही की आशाओं ने बकाया भुगतान न मिलने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। आशाओं का कहना है कि उनका पिछला भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

आशाओं ने ज्ञापन में कहा है कि जब तक उनका पुराना बकाया भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करेंगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया अभियान में भी वे भुगतान से पहले कार्य नहीं करेंगी।

आशाओं ने आरोप लगाया कि 13 फरवरी 2026 को किए गए धरने के दौरान उन्हें वहां बैठने से मना किया गया और स्थल से हटाया गया। उनका कहना है कि जब तक उनका बकाया भुगतान नहीं मिल जाता, तब तक वे धरना प्रदर्शन जारी रखेंगी। धरना देने वालों में सिमला देवी, मीरा, रामलाली, रेशमा, पूनम, ओम कुमारी, सुमन कुमारी, मौसमी देवी, सविता, सबिता देवी, रनु देवी, प्रीती देवी, संतोष कुमारी, वंदना देवी, मुन्नी देवी, महेश्वरी, रामलती, कमला, धनदेवी, जावेत, ममता, श्वेता, रीता, शांति देवी, सुमन, अनीता, मनादेवी, ज्योति, अनीता, सुभन, रानी, निरन, जीति, विमलेश, नीया देवी, रचना, राजलाली, पश्यन्ती देवी सहित अन्य आशाएं शामिल रहीं।




## एसपी ने महिला थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने महिला थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अपराध एवं सामान्य अभिलेखों की अद्यावधिक स्थिति, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, मालखाना, शस्त्रागार, महिला हवालात, साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, बैरक, मेस, आवासीय परिसर तथा जनसुनवाई कक्ष का विस्तृत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, रिकॉर्ड के नियमित अद्यतन एवं सभी प्रक्रियाओं के विधिसम्मत अनुपालन पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए और फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया जाए।

उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई, अनुशासन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस का व्यवहार जनसामान्य के प्रति सदैव मर्यादित, शालीन एवं सहयोगात्मक होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनविश्वास की सुदृढ़ स्थापना ही प्रभावी पुलिसिंग का आधार है। निरीक्षण के समय महिला थाना प्रभारी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## सिटी ब्रीफ

### बैटरी, इनवर्टर, सोलर पैनल व स्प्रे मशीन चोरी

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा मिश्र निवासी संजय वर्मा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि चोर रात में खेत से दो झटका मशीन, बैटरी, इनवर्टर, एक सोलर पैनल, एक स्प्रे मशीन चुराकर ले गए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब की दुकान के सेल्समैन को पीटा

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी अजय गुप्ता ने दी गई तहरीर में बताया कि वह देशी शराब की दुकान का सेल्समैन है। 13 जनवरी की रात दस बजे वह कस्बा में कंपोजिट शराब की दुकान बंद करके घर जा रहा था। रास्ते में चार लोगों ने उसे घेर लिया और पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साली को किया अगवा पुलिस से शिकायत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाथीथान निवासी याह्या खान ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 30 जनवरी को उसकी पत्नी को उसका जीजा अगवा करके ले गया है। उसकी पत्नी घर से जेवर ले गयी है। उसकी पत्नी को शहबाजनगर में अपने घर पर रख रखा है। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। उसने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पेंशनर्स करेंगे मंडलीय बैठक में प्रतिभाग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के तत्वावधान में वैलिडेशन एक्ट समाप्त करने, 25 मार्च को काला दिवस मनाने एवं पुरानी पेंशन बहाली के लिए जन जागरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मंडलीय बैठक में जिले के पेंशनर्स प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी समिति के जिलाध्यक्ष ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पदाधिकारियों की टीम पीसीएस रिटायर्ड एसोसिएशन के मंत्री अमृत लाल साहू तथा सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ कल्याण परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्यदेव सिंह बरेली मंडल के अंतर्गत जिला के पदाधिकारी वैलिडेशन एक्ट एवं पीओआर में पेंशनर्स की हो रही उपेक्षा एवं भेदभाव के मुद्दे पर विशेष चर्चा करने को 16 फरवरी को बरेली मंडल की बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

# बसंतोत्सव में ध्यान, प्रेम और करुणा की त्रिवेणी


## श्रद्धा और साधना की सूक्ष्म तरंगों से आलोकित हो उठा आश्रम

- रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव का प्रथम चरण संपन्न

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


रामचंद्र मिशन आश्रम में ध्यान में लीन साधक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव–2026 के प्रथम चरण का समापन हुआ।


कमलेश डी. पटेल 'दाजी'।

शनिवार को प्रातः काल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश–विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना की सूक्ष्म तरंगों से आलोकित हो उठा, मानो प्रकृति स्वयं इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की साक्षी बन गई हो।

इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक साधना को लेकर एक भ्रांति यह है कि साधन और ध्यान को ही लक्ष्य मान लिया जाता है, जबकि सत्य इसके विपरीत है। एकाग्रता ध्यान का परिणाम है, कारण नहीं। जब धारणा ध्यान बनती है और ध्यान समाधि में रूपांतरित होता है, तब चेतना स्वतः उच्चतर अवस्था की ओर अग्रसर होती है। उन्होंने बताया कि दिव्य प्राणाहुति की जीवंत धारा निष्ठापूर्ण दैनिक अभ्यास द्वारा अल्प समय में साधक को समाधि की अनुभूतियों तक पहुँचा देती है। पूज्य दाजी ने अभ्यासियों से आह्वान किया कि वे ईर्ष्या का परित्याग कर प्रेम, करुणा और शांति के पथ पर अग्रसर हों तथा अपने जीवन को साधना का सजीव माध्यम बनाएं।

समारोह के दौरान पूज्य दाजी ने लालाजी महाराज एवं बाबूजी महाराज की प्रतिमाओं का अनावरण किया। संपूर्ण बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण व्याप्त रहा।

सायंकालीन ध्यान सत्र में भी पूज्य दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधोगोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, श्रीगोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल सहित अनेक साधकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अटनिया पंपिंग स्टेशन पर लटक रहे ताले

**खुदागंज, अमृत विचार :** खुदागंज क्षेत्र के ग्राम पलिया दरोबस्त के निकट गर्रा नदी पर बना अटनिया पंपिंग स्टेशन विभागीय लापरवाही के चलते धूल फांक रहा है। खेतों की सिंचाई के लिए जल संसाधन विभाग की ओर से कई दशक पूर्व संचालित यह पंपिंग स्टेशन पिछले कुछ समय से उपेक्षा का शिकार है।

बताया गया है कि नियमित निरीक्षण न होने के कारण तैनात अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच रहे हैं। रखरखाव और देखरेख के लिए लगाए गए निजी कर्मचारी भी नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते, जिससे अधिकांश समय पंपिंग स्टेशन बंद रहता है। पंप का संचालन न होने से क्षेत्र के खेतों में होने वाली फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सिंचाई और जल संसाधन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


पलिया दरोबस्त के निकट अटनिया पंपिंग स्टेशन गेट पर लटका ताला।

# महाशिवरात्रि पर 300 साल बाद दुर्लभ चतुर्ग्रही योग

- पांच राजयोगों के संयोग में आज मनाया जाएगा महापर्व

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला महाशिवरात्रि पर्व इस वर्ष 15 फरवरी रविवार को दुर्लभ संयोग में मनाया जाएगा। पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल के अनुसार इस बार महाशिवरात्रि पर लगभग 300 वर्ष बाद चतुर्ग्रही योग के साथ पांच राजयोगों का संयोग बन रहा है, जो परम कल्याणकारी और शुभकारी है।


पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल।

महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी को प्रातः 3:59 बजे प्रारंभ होकर 16 फरवरी सायं 4:45 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी तिथि को भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह उत्सव मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त व्रत रखकर विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करते हैं। ज्योतिष गणना के अनुसार इस दिन बुध-सूर्य की युति से बुधादित्य राजयोग, बुध-शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग, सूर्य-शुक्र की युति से शुक्रादित्य राजयोग बनेगा। शनि अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में रहकर शश महापुरुष राजयोग बनाएंगे। वहीं कुंभ राशि में सूर्य, बुध, शुक्र और राहु की एक साथ स्थिति से चतुर्ग्रही योग का निर्माण होगा।

महाशिवरात्रि पर रात्रि के चार प्रहर में पूजा का विधान है। प्रथम प्रहर पूजा समय सायं 6:39 से 9:45 बजे तक, द्वितीय प्रहर 9:45 से 12:52 रात्रि, तृतीय प्रहर 12:52 से 3:59 प्रातः और चतुर्थ प्रहर 3:59 से 7:06 प्रातः तक रहेगा। प्रत्येक प्रहर में रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है। विशेष संयोग के तहत इस दिन सुबह 7 बजे से शाम 7:48 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। उत्तराषाढा नक्षत्र सायं 7:26 बजे तक रहेगा, इसके बाद श्रवण नक्षत्र प्रारंभ होकर 16 फरवरी रात्रि 8:40 बजे तक रहेगा।

व्यतीपात योग पूरे दिन रहेगा। निशीथ काल रात्रि 11:52 से 12:42 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:13 से 12:57 बजे तक तथा अमृतकाल 12:59 से 2:41 बजे तक रहेगा। पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु शुद्ध मन से भगवान शिव की उपासना करें, बेलपत्र पर राम नाम लिखकर शिवलिंग पर अर्पित करें तथा मंत्रों का जप करें। शिव स्तोत्र, शिव चालीसा और रुद्राभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## पुलवामा शहीदों को बजरंगदल ने दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंगदल महानगर शाहजीपुर की ओर से 14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमले में बलिदान हुए 40 जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता ने कहा कि जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि पुलवामा के शहीदों के लिए याद करना जरूरी है। इसके बाद भारत ने दुश्मन देश को जिस तरह से मुंहतोड़ जवाब दिया था इससे पूरी दुनिया में भारत की सिर ऊंचा हुआ था। इसके बाद आतंकवादियों को भी सेना ने गोलियों से भून दिया था। सह संयोजक सोनू सिंह, महानगर सह मंत्री राहुल कनौजिया, प्रदीप प्रजापति, गौरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा, सह प्रचार प्रमुख कुनाल राठौड़, ऋषभ गुप्ता, सुमित सक्सेना, कीर्तिमान गुप्ता, आकाश राठौर, गोविंद श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, जतिन, गिरीश बाबू, गोपाल, अनमोल शर्मा, अजय, हिमांशु प्रजापति, अमरदीप, विशाल गुप्ता, आशीष मिश्रा, आयुष गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अरविंद वर्मा, सुनील सक्सेना, दिव्यांश प्रजापति, अंश यादव, किशन शर्मा, विवेक कोहली सहित सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परौर थाना समाधान दिवस में सुनीं गईं जन समस्याएं

- जमीन संबंधी विवाद का मौके पर ही कराया निस्तारण

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार:** थाना परौर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व निरीक्षक के सुखबीर सिंह, राम प्रसाद सिंह तथा थाना अध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने जन समस्याओं को सुना।

ग्राम हैदलपुर निवासी मोरपाल सिंह यादव ने पट्टे के कब्जे को लेकर शिकायत दर्ज कराई। ग्राम नौगमा निवासी सतपाल यादव ने जमीन संबंधी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। ग्राम बमोहरा निवासी बलबीर सिंह ने स्थान के बंटवारे को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर दोनों पक्षों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कर रास्ता दे दिया गया। समाधान दिवस में लेखपाल नीरज वर्मा, पंकज सिंह, अनुज सिरोही, योगेंद्र सिंह श्रीवास्तव, इंद्रपाल सिंह तथा पुलिस के उप निरीक्षक विनय कुमार शुक्ला, जीतू खंडेलवाल, मनोज कुमार सिंह, महिला उप निरीक्षक प्रभा चौधरी, अनिल कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, पंकज चौधरी, पुलिस आरक्षी नवल कुमार समेत थाना स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान क्षेत्र के अवधेश सिंह चंदेल कुंडलिया, संतोष कुमार कुंडलिया, गुरदयाल, इमरान खान, चंद्रपाल सिंह ककोड़ा, पत्रकार सत्यवीर सिंह चौहान सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## बकाया भुगतान को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी

**जैतीपुर, अमृत विचार :** आशा कार्यकत्रियों ने शनिवार को लगातार चौथे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों ने बकाया भुगतान और अन्य समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। उनका कहना है कि वे अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्य करती हैं, लेकिन समय पर मानदेय न मिलने से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के अपने कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। इससे दिक्कतों का सामना हो रहा।

प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में फाइलेरिया दवा वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है। धरने में पूनम सिंह, सोमवती, मायादेवी, निर्मला देवी, मुन्नी देवी, संजू देवी सहित कई आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# सनातन धर्म की अनादि परंपरा और एकता पर जोर

- सिंधौली में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित, विभिन्न संगठनों की रही भागीदारी

संवाददाता, सिंधौली


विराट हिंदू सम्मेलन में एमएलसी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास खंड परिसर में शनिवार को स्वामी दयानंद सरस्वती हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत धर्म जागरण प्रमुख एवं मुख्य वक्ता विशाल राजा ने कहा कि सनातन धर्म अनादि और अनंत है। उन्होंने कहा कि जब धरती का आदि मानव कच्चा मांस खाता था, तब हमारे यहां गिरधर गोपाल को छप्पन भोग लगाया जाता था।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ने विश्व को ज्ञान और विज्ञान का संदेश दिया तथा भारत ने मानवता और संस्कारों का उपहार दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू एकता का प्रतीक आज सर्वत्र दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू कभी हिंसा में विश्वास नहीं करता और अधर्म के नाश तथा विश्व कल्याण की कामना करता है।

जूना अखाड़ा से आए सत्यगिरि महाराज ने कहा कि हिंदू विरोधी शक्तियां विघटन का प्रयास कर रही हैं, लेकिन हिंदुओं को एकजुट और सतर्क रहने की आवश्यकता है। सिख संगत के प्रचारक रजविंदर सिंह ने कहा कि भारत भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमि है तथा हमारे संस्कार विश्व में प्रशंसनीय हैं। विहिप की प्रांत सह संयोजिका साधना सिंह ने कहा कि भारत सदैव हिंदू राष्ट्र के रूप में जाना जाता रहा है। सम्मेलन में उपस्थित एमएलसी सुधीर गुप्ता ने कहा कि हिंदुओं की एकता ही भारत को विश्वगुरु बनाती है और हमें अपने देश व धर्म पर गर्व होना चाहिए। जिला प्रचारक अभिनव कुमार, नरेंद्र शुक्ल और गौरव चौहान ने भी विचार व्यक्त किए। धर्मेंद्र कुमार सरस्वती शिशु मंदिर मुड़िया पमार की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं संयुक्त गीत प्रस्तुत किए, जबकि शिवा ने एकल गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रनधीर सिंह ने की और संचालन सुधेश चौहान ने किया। कार्यक्रम से पूर्व मुनेश्वर सिंह, सत्यपाल चौहान और रज्जन मिश्रा ने मंचासीन अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया।

### अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि 12 फरवरी को सुभाषनगर कालोनी में निर्माणधीन पानी की टंकी के निकट पानी भरे गड्ढे में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला था। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। 13 फरवरी की शाम उसकी अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक की उम्र 55 साल है, गले में तावीज पहने हुए था। सफेद दाड़ी और सफेद मूछ है।

# वित्तीय प्रबंधन के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

- स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर हुए व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान सुनते छात्र।

**अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में के वाणिज्य विभाग में विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित मुकुल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश एवं डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक किया।

अपने संबोधन में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड के रिसोर्स पर्सन मुकुल श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान युग में वित्तीय साक्षरता प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बजट निर्माण, आवश्यक खर्च, आपातकालीन निधि के महत्व तथा सुरक्षित निवेश के मूलभूत सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही, डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग और उससे जुड़े सुरक्षा उपायों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विभिन्न वित्तीय विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका रिसोर्स पर्सन ने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। व्याख्यान ने विद्यार्थियों को आर्थिक निर्णयों के प्रति सजग और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपप्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल स्वामी शुकदेवानंद के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. कमलेश गौतम, डॉ. गौरव सक्सैना, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. अजय कुमार वर्मा, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. संतोष प्रताप सिंह, बृजलाली चौबे, अपर्णा त्रिपाठी, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ मोहनी शंकर, पोथीराम सिंह, अखंड प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## राज्यसभा में उठी शाहजहांपुर में जिला अस्पताल की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान शाहजहांपुर में जिला अस्पताल बनाए जाने व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक कदम उठाने की मांग की।


सांसद मिथलेश कुमार।

उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज की ओपीडी चलने से जिला अस्पताल का स्वरूप समाप्त हो गया है, जबकि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिला अस्पताल होना आवश्यक है। मेडिकल कॉलेज जिग्नेरा में स्थित है, जिसकी दूरी करीब आठ किलोमीटर है। इससे प्रोफेसर और छात्रों को आने-जाने में दिक्कत होती है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर की खाली पड़ी जमीन पर ओपीडी और अन्य भवन निर्माण की मांग की। सांसद ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की ओपीडी अलग स्थानांतरित होने पर जिला अस्पताल पूर्व स्वरूप में कार्य कर सकेगा और लोगों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने नए मेडिकल कॉलेज में सीसी यूनिट, न्यूरो विभाग, हृदय रोग विभाग, एमआरआई, सीटी स्कैन तथा कैंसर विभाग खोले जाने और डॉ. व नर्सों की तैनाती की भी मांग की।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
डॉ. दीपक माहेश्वरी MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

# अकीदत के साथ मनाया सैयद दादा मियां का उर्स


ऐमन जई जलाल नगर में उर्स कार्यक्रम में शामिल हाफिज व जायरीन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हजरत सैयद दादा मियां रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स शनिवार को कुल शरीफ होने के साथ संपन्न हो गया। मोहल्ला ऐमन जई जलाल नगर में डॉ. जुग्गन वाली गली स्थित मजार पर सुबह 10 बजे कुल शरीफ का आगाज तिलावत ए कुरआन से हुआ। हाजरीन से खिताब करते हुए हाफिज गुलाम मुर्तजा अजहरी ने कहा कि अल्लाह के वलियों से अकीदत ओ मोहब्बत रखने वाले हर जगह कामयाब होते हैं। उन्होंने लोगों से नेक बनकर मिसाली जिंदगी गुजारने पर जोर दिया। हाफिज वसीम निजामी व सूफी जकी उल्लाह जक्कू मियां ने नात व मनकबत पेश की। पवित्र कुरआन की आयतें पढ़कर हाफिज गुलाम मुर्तजा अजहरी ने मुल्क की खुशहाली और सलामती के लिए दुआ मांगी। हाजरीन में लंगर वितरित किया गया।

## बाहर की दवा लिखने की शिकायत पर बैठी जांच

**तिलहर, अमृत विचार :** सीएचसी में एक डॉक्टर की ओर से मरीज को बाहर से महंगी दवा लिखने की शिकायत की गई थी। इस मामले में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रियंका सिंह ने शनिवार को अस्पताल पहुंचकर जांच की।

ग्रामीण की ओर से डीएम से की गई शिकायत के बाद जांच कर रिपोर्ट डीएम को भेजी गई। उन्होंने डॉक्टर के बयान दर्ज किए गए। उपस्थिति रजिस्टर की जांच में कुछ कर्मचारी अनुपस्थित मिले। बताया कि कुछ दिन पूर्व एक ग्रामीण अपनी गर्भवती पत्नी का इलाज कराने आया था। यहां महिला डॉक्टर ने बाहर से दवा लिखी थी। चिकित्साधीक्षक डॉ. ओमेंद्र राठौर ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है।

# मनरेगा बचाने को होगी लंबी लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से बात करते जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि 20 वर्ष पूर्व यूपीए 1 की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था। ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया है। श्री गुप्ता शनिवार को कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड 19 महामारी जैसे संकट के दौरान यह ग्रामीण भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुई। भाजपा सरकार भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन यापन की गारंटी कानून को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है कि जब तक मनरेगा बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। भाजपा के इस मजदूर विरोधी नियम के आते ही कांग्रेस ने 03 जनवरी से ही पूरे देश में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू कर दिया था। पिछले एक माह से जारी इस संग्राम में हम गांधीवादी तरीके से संवेदनहीन बदलाव का विरोध कर रहे रहे है। पूरे प्रदेश में 5000 से ज्यादा पूरे जनपद में 150 से ज्यादा चौपाल का आयोजन किया जा चुका है। 13 फरवरी को शाहजहांपुर सहित 75 जनपदों में मनरेगा बचाओ पदयात्रा निकाली गई। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम का दूसरा चरण शुरू होने जा रहा है। जिसमें हम 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव करेंगे और राज्य सरकार को बताएंगे कि कैसे केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ जनता पर बोझ डालकर खुद बचना चाहती है। हम यह बताएंगे कि कैसे मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलाव संघीय ढांचे को कमजोर करने का एक कुत्सित प्रयास है।

# जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बनेंगे

## भवनों में मिलेंगी कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधाएं, रसद और मनरेगा विभाग से होगा निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर सारी सुविधा मिले इसके लिए 75 अन्नपूर्णा दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। जबकि प्रथम चरण में 150 दुकानों का निर्माण पूर्व में हो चुका है। उनका संचालन भी हो रहा है। अब दूसरे चरण में होने पर अन्नपूर्णा निर्माण के लिए जमीनों की तलाश हो रही है। इनका निर्माण रसद और मनरेगा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से होगा। इन नए भवन बनने के बाद उपभोक्ताओं को राशन के साथ-साथ कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) की सुविधाएं भी एक ही स्थान पर मिल सकेंगी।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरे चरण के दौरान 75 अन्नपूर्णा दुकानों का निर्माण होना है। इसके लिए जमीन की तलाश हो रही है। प्रत्येक अन्नपूर्णा भवन का निर्माण करीब 484 वर्ग फीट क्षेत्रफल में किया जाएगा। जिसके निर्माण में करीब 15 लाख रुपये तक की लागत आएगी। रसद विभाग पहले ही खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-पॉश मशीन से वितरण कराने के साथ डिजिटल प्रणाली को बढ़ावा दे रहा है। अब राशन की दुकानों के भौतिक ढांचे को भी सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि कालाबाजारी पर अंकुश लगे और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके। कोटे की दुकानों को मॉडल जन सुविधा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां उपभोक्ता राशन लेने के साथ आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र के लिए आवेदन, खसरा-खतौनी की नकल, विभिन्न सरकारी योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन और भविष्य में गैस सिलेंडर जैसी सुविधाएं भी प्राप्त कर सकेंगे।



अन्नपूर्णा भवन का मॉडल।

- नए भवन निर्माण के बाद ग्रामीणों को एक ही स्थान पर मिलेंगी सभी सुविधाएं

### पंचायत भवन के पास बनेंगी बिल्डिंग

डीएसओ के मुताबिक जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बनने हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन और शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक भवनों के निकट अन्नपूर्णा भवन बनाए जाएंगे। संकरी गलियों में स्थित दुकानों तक खाद्यान्न वाहन पहुंचने में कठिनाई होती है, इसलिए नए भवन सुगम स्थानों पर बनाया जाएगा।

### भवन में सीएससी के लिए अगल होगा स्थान

नए अन्नपूर्णा भवन में ग्रामीणों को सीएससी यानि कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधा दी जाएगी। निर्मित होने वाली उचित दर दुकान का कुल क्षेत्रफल लगभग 484 वर्ग फीट होगा। एक बड़े कक्ष में दुकान और सीएससी के लिए अलग-अलग स्थान दिया जाएगा। सामने 24 फीट लंबा बरामदा होगा जो प्रतीक्षालय के रूप में काम करेगा। अन्नपूर्णा भवन में लोगों को बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा और नोटिस बोर्ड लगाया जाएगा।

> जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बनने हैं। जमीन की तलाश हो रही है। करीब 40 दुकानों के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित हो चुकी है। वहां पर शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। अन्नपूर्णा भवन में उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए बिल्डिंग का निर्माण होगा।
> –**सतीश मिश्रा**, जिला पूर्ति अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ

### चार साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद चार साल से पेशी पर हाजिर न होने वाले हत्या के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुंवरगांव थाना पुलिस ने फरीदपुर चकोलर गांव में दबिश देकर आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। गांव निवासी धीरपाल पुत्र लीलाधर साल 2021 में एक गंभीर हमले के मामले में वांछित चल रहा था। कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। इसके बाद भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ। पुलिस उसकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी। पुलिस को उसके गांव में होने की सूचना मिली। पुलिस ने पहले सूचना की पुष्टि की और फिर योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा गया है।

### घर में घुसकर मारपीट दर्ज हुई रिपोर्ट

**उसहैत, अमृत विचार :** पति-पत्नी के आपसी झगड़े में चचेरे-तहरे भाईयों ने लाठी-डंडो से पति-पत्नी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना उसहैत क्षेत्र के गांव सथरा में सात फरवरी की रात करनेश शर्मा और उनकी पत्नी में झगड़ा हो गया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उनके चचेरे व तहेरे भाई संतोष, वीरेंद्र और गांव गढ़िया साहपुर निवासी गौरव गुप्ता लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। पहले कहासुनी हुई और फिर उन्होंने पति-पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### एआरटीओ ने टाटा मैजिक को किया सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ हरिओम ने कछला मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने सवारी ढो रहे 06 माल वाहक वाहनों का चालान किया गया। एक टाटा मैजिक की फिटनेस फेल होने पर सीज कर दिया। 70 दो पहिया वाहन, बिना हेलमेट, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने के अभियोग में पर चालान किए गए।

# पान मसाला और सिगरेट के शौकीनों की जेब हो रही ढीली

**उझानी, अमृत विचारः** हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी बढ़ाकर 40 फीसदी की गई है। जीएसटी की बढ़ी दरें एक फरवरी से लागू हो चुकी हैं। जिसका असर बाजार पर भी दिखने लगा है। पान मसाला और सिगरेट थोक के साथ फुटकर में भी महंगे हो गए हैं। गुटखा एक रुपया और सिगरेट दो रुपए तक महंगी हो गई है।

तंबाकू प्रोडक्ट्स पर केंद्र सरकार ने अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसाला पर हेल्थ सेस पर बढ़ोतरी की है। तंबाकू उत्पादों पर 40 फीसदी जीएसटी में बढ़ोतरी हुई है। एक फरवरी से बढ़ी हुई दरों पर तंबाकू उत्पाद बिक रहे हैं। दुकानों पर गुटखा एक रुपया और सिगरेट दो रुपए महंगी हो गई है। पान मसाला और सिगरेट के शौकीनों को बढ़े हुए दामों पर खरीदना हो रहा है। दो रुपया महंगी सिगरेट खरीदने के दौरान लोग दुकानदारों से झगड़ा करने के उतारू हो रहे हैं। फुटकर दुकानदारों का कहना है कि उन्हें थोक में पान मसाला और सिगरेट महंगी मिल रही है।

# महिला अस्पताल से हटाए गए सुरक्षा गार्ड जाएंगे न्यायालय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गैलरी में हुए प्रसव मामले में हटाए गए सुरक्षा गार्ड अब कोर्ट की शरण लेंगे। सुरक्षा गार्डों ने कहा कि दोषी डॉक्टरों और कर्मचारियों को बचा दिया गया जबकि उन्हे दोषी करार देते हुए अस्पताल से हटा दिया गया।

जिला महिला अस्पताल में पिछले साल 22 दिसम्बर की रात 11 बजे एक महिला प्रसव को पहुंची। महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। जिससे वह अस्पताल की गैलरी में ही लेट गयी। महिला का पति डॉक्टर के पास गया तो उसे डॉक्टर नहीं मिली। स्टाफ नर्स और वार्ड आया ने भी महिला को नहीं देखा जिससे महिला दर्द से बेसुध हो गयी। दर्द से तड़प रही महिला का गैलरी में ही प्रसव हो गया। प्रसव के बाद नवजात शिशु की मौत हो गयी। यह प्रकरण शासन तक पहुंचा जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गयी। डीएम के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच करायी गयी। जांच के बाद माली आंचल और सुरक्षा गार्ड राजपाल सिंह व बहोरन को दोषी पाते हुए तत्काल हटा दिया था। जबकि महिला अस्पताल के स्टाफ को बचा लिया गया। इसमें डॉक्टर पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिला महिला अस्पताल से हटाए गए सुरक्षा गार्ड राजपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि अब वह दोनों लोग कोर्ट की शरण लेंगे। कि आखिर उन्हें क्यों हटाया गया। दोषी कर्मचारियों को बचा दिया गया राजपाल ने कहा कि वह दोनों अब वकीलों की राय ले रहे हैं जल्द ही कोर्ट में मामला दाखिल करेंगे।

### अवैध वसूली का लगा है कई बार आरोप

जिला महिला अस्पताल में अवैध उगाही को लेकर कई बार शिकायत भी गयी। पीड़ितों ने जिम्मेदारों को लिखित शिकायती पत्र देकर अवैध वसूली की शिकायत की। लेकिन उनकी कभी न तो जांच करायी गयी और न ही उनके खिलाफ कार्यवाही की गयी जिससे अवैध वसूली जारी है। अस्पताल प्रशासन की ओर से तमाम प्रयासों के बाद भी रोक नहीं लगी है। इस मामले की शिकायत एडी हेल्थ से भी की जा चुकी है।

# गलत तथ्यों के आधार पर किया निलंबन अब तत्कालीन बीएसए पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शिक्षक दिवस पर परिषदीय शिक्षक को निलंबित किए जाने का मामला विधानसभा में उठा था। इस संबंध में निलंबित किए गए शिक्षक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री व जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा ने प्रेस वार्ता की। तत्कालीन बीएसए के गलत कार्रवाई के बारे में से बताया।

तत्कालीन बीएसए स्वाती भारती ने शिक्षक दिवस 5 सितंबर 2023 को नवादा संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव शर्मा को निलंबित कर दिया था। उन पर कई आरोप लगाए गए थे। हालांकि जांच के बाद बहाल भी किया गया। यह मामला विधानसभा में उठा। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने बजट सत्र के दौरान इस कार्रवाई पर सवाल खडे.किए। गलत तथ्य के आधार पर प्रधानाध्यापक के निलंबन पर तत्कालीन बीएसए पर कार्रवाई की मांग की। उन पर कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया है। शनिवार को संजीव शर्मा ने प्रेस वार्ता करके कहा कि उस दौरान बीएसए ने द्वेष भावना से कार्रवाई की थी। गलत तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की गई थी। बीएसए का कहना था कि उन्हें कार्यालय में धरना के लिए अनुमति नहीं ली जबकि डीएम से अनुमति लेकर शिक्षा विभाग और प्रशासन को सूचित किया गया था। बीएसए ने कहा था कि तीन दिन से मध्याह्न भोजन नहीं बन जबकि खाद्यान्न व कन्वर्जन कास्ट उपलब्ध न होने के कारण 15 दिन से नहीं बन रहा था। कहा गया कि वह बिना सूचना के अनुपस्थित थे जबकि वह चिकित्सा अवकाश पर थे। संजीव शर्मा ने कहा कि बीएसए पर इस कार्रवाई से शिक्षक समाज में अच्छा संदेश जाएगा कि जो अधिकारी शिक्षकों को कमजोर समझकर काम कर देते हैं उन अधिकारियों को संविधान के दायरे में रहकर कार्रवाई करने की सीख मिलेगी।

- विधानसभा में मामला उठने पर निलंबित किए गए शिक्षक नेता ने की प्रेस वार्ता

# असली लेकर रख दी नकली बाली, पकड़ी गई महिला

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र में कछला मार्ग स्थित एक सराफा की दुकान पर दो महिलाएं पहुंचीं। व्यापारी से सोने की कान की बाली दिखाने को कहा। व्यापारी ने एक दर्जन बालियां दिखाने के लिए उनके सामने रखी। इसी दौरान महिला ने फुर्ती से उनमें नकली बाली भी मिला दी और असली उठा ली। डिजाइन पसंद न आने की बात कहकर दुकान से निकल गईं। उनके जाने के बाद व्यापारी ने देखते ही नकली बाली पहचान ली। वह महिलाओं के पीछे गए और एक को पकड़ लिया जबकि दूसरी भाग गई। बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पकड़ी गई महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** जिले में जर्जर पड़े 2126 आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प होने वाला है। इसके लिए शासन की ओर से बाल कल्याण विभाग को प्रति केंद्र तीन हजार रुपए के हिसाब से 63.78 लाख रुपए का बजट भेजा है। जिसे परियोजनाओं पर आवंटित किए जाने की तैयारी चल रही है।

जिले में 2940 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें से 2126 आंगनबाड़ी केंद्रों की हालत दयनीय हैं। कुछ ही स्थिति अत्यंत खराब होने की वजह से केंद्रों का संचालन वर्कर्स के घरों या फिर सुरक्षित स्थान पर हो रहा है। जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की जान को हमेशा खतरा बना रहता है। इन भवनों की मरम्मत कराने या फिर नए सिरे से बिल्डिंग बनवाने की मांग ग्रामीण क्षेत्र के लोग लंबे समय से करते हैं। ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन के साथ विभागीय अधिकारियों से भी जर्जर स्थिति में सुधार के लिए शिकायती पत्र दिया जाता रहा है। यह स्थिति जिले में ही नहीं है अपितु अन्य जनपदों में भी है। जहां आंगनबाड़ी केंद्रों की बिल्डिंग जर्जर है।

आंगनबाड़ी केंद्रों की जर्जर स्थिति पर शासन ने गंभीर होते हुए उनका कायाकल्प करने का निर्णय लिया है। इसी निर्णय के तहत पिछले दिनों बाल कल्याण विभाग निदेशक ने विभागीय अधिकारी से जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची मांगी थी। निदेशक के आदेश पर विभाग द्वारा जिले की सभी 15 परियोजनाओं में 2126 आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार कर भेजी गई। इसके बाद शासन की ओर से बाल कल्याण विभाग को प्रति केंद्र तीन हजार रुपए के हिसाब से 63.78 लाख की धनराशि भेजी है। इस धनराशि से केंद्रों की स्थिति में सुधार किया जाएगा। धनराशि मिलने के बाद विभागीय अधिकारी परियोजनाओं पर भेजने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे समय पर केंद्रों की हालत में सुधार किया जा सके।

- जिले के 2126 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत को 63.78 लाख मिले

> जिले के 2126 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत कराई जाएगी। धनराशि मिल गई है। जल्द ही परियोजनाओं पर भेज दी जाएगी।
> –**प्रमोद कुमार**, जिला कार्यक्रम अधिकारी

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट शुरू होगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में डायलिसिस यूनिट काफी समय पहले लगाया गया लेकिन टेक्नीशियन के अभाव में यूनिट बंद है। अब इस यूनिट को डीसीडीसी कंपनी से कॉलेज प्रशासन ने संपर्क किया है और यूनिट को चलाने की बात कही है। कंपनी अब कालेज के यूनिट का सर्वे करेगी उसके बाद कंपनी अपने कर्मचारियों से यूनिट चलाएगी।

राजकीय मेडिकल कालेज में डायलिसिस यूनिट काफी समय पहले से लगाया जा चुका है। लेकिन यूनिट संचालित नहीं हो रहा है। जिससे डायलिसिस को मरीजों को बाहर भेजा जाता है। इधर जिला अस्पताल में डीसीडीसी कंपनी ने अपना यूनिट तीन साल पहले लगा दिया। जिसके बाद यूनिट का विस्तारीकरण भी कर दिया गया। अब जिला अस्पताल के यूनिट मैनेजर से राजकीय मेडिकल कालेज प्रबंधन ने संपर्क किया है और यूनिट को चलाने की बात कही है। जिस पर अस्पताल यूनिट के मैनेजर मनोज कुमारं ने शनिवार को बताया कि राजकीय मेडिकल कालेज के यूनिट को चलाने के लिए कंपनी चेयरमैन असीम गर्ग से संपर्क किया गया है। कंपनी को राजकीय मेडिकल कालेज के डायलिसिस यूनिट के बारे में अवगत कराया गया है जिसके बाद कंपनी की ओर से कॉलेज के यूनिट का सर्वे करने की बात कही गयी है। मनोज कुमार ने बताया कि डीसीडीसी कंपनी यूनिट को अपने हाथों में लेकर ही चलाएगी। पूरा स्टाफ कंपनी का होगा। कंपनी के नियमों के तहत ही मरीजों का डायलिसिस किया जाएगा।



डायलिसिस यूनिट में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

- डीसीडीसी कंपनी चलाएगी यूनिट, सर्वे के बाद लेगी जिम्मेदारी

### मरीजों को देना होगा शुल्क

राजकीय मेडिकल कालेज में डायलिसिस यूनिट चालू होने पर मरीजों को शुल्क देना होगा। जबकि जिला अस्पताल में मरीजों को शुल्क नहीं देना पड़ता है। जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट का खर्च राज्य सरकार वहन करती है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों को खर्च वहन करना होगा। कालेज प्रशासन की ओर से कहा गया कि कम से कम शुल्क लेकर मरीजों का डायलिसिस कराया जाएगा।

# जिले में शुरू हुई हाइब्रिड मक्का की बुवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जनपद में हाइब्रिड मक्का की बुवाई शुरू हो चुकी है। किसान खेत तैयार कर मशीन से मक्का की बुवाई कर रहे हैं।यहमक्का जून में तैयार हो जाएगी और पैदावार भी आठ से दस क्विंटल बीघा की होगी। सरसों के खेतों में भी किसान मक्का लगाएंगे जिससे कुछ किसानों ने सरसों की कटाई शुरू कर दी है।

जिले में पिछले एक दशक से हाइब्रिड मक्का बड़े पैमाने पर होती है। हाइब्रिड मक्का की पैदावार से किसानों को भारी आर्थिक लाभ होता है इसलिए कुछ किसान धान के बाद खेत छोड़ देते हैं उसमें फरवरी माह में मक्का लगाते हैं जो जून में पक कर तैयार हो जाती है। इस समय उपरैला, उदमई और ककराला उसहैत इलाके में हाइब्रिड मक्का की बड़े पैमाने पर बुवाई की जा रही है। झंडापुर निवासी किसान पप्पू ने शुक्रवार को अपने दस बीघा खेत में हाइब्रिड मक्का की बुवाई की। पप्पू ने बताया कि उन्होंने इस साल हाइब्रिड मक्का की उन्नतशील किस्त 007 धूनी मक्का लगाई है। जबकि कुछ किसान डिकाल मक्का लगा रहे हैं। पप्पू ने बताया कि इस समय मक्का बोने से जून तक मक्का तैयार हो जाएगी। जून तक बारिश भी नहीं होती है। उन्होने इस साल दस बीघा मक्का लगाई है। धान के खेत को छोड़ दिया था उसके बाद अब उसी खेत में मक्का लगाई है। उन्होने मशीन से एक दिन में ही स बीघा मक्का की बुवाई की है। उपरैला निवासी रामसिंह ने बताया कि उन्होने भी पांच बीघा मक्का लगाई है जो डिकाल है। बताया कि डिकाल की पैदावार अन्य किस्मों से अधिक है। उदमई निवासी किसान जसीबर ने बताया कि उन्होंने अपने दस बीघा खेत को तैयार कर मक्का लगाई है। जो जून तक तैयार हो जाएगी।



हाइब्रिड मक्का की बुवाई करता किसान।

- किसान लगा रहे धूनी और डिकाल की नई उन्नतशील किस्म, तंबाकू के खेतों में भी होगी मक्का

### सरसों के खेतों में भी होगी मक्का की फसल

सरसों काट कर करीब तीस प्रतिशत किसान मक्का लगाएंगे। खेतों में कुछ सरसों कट रही है जबकि कुछ खेतों में होली के बाद सरसों तैयार होगी उसके बाद मक्का लगाई जाएगी। सरसों के खेत में लगायी जाने वाली मक्का जून के अंत तक तैयार होगी। जबकि गेहूं के खेतों में लगाई जाने वाली मक्का जुलाई में तैयार होगी। इसलिए अधिकांश किसान सरसों काटकर ही मक्का लगाते हैं।


> सहायक कृषि अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद में करीब दस हजार बीघा हाइब्रिड मक्का का होती है। जिन खेतों में सरसों है उनमें मक्का ही लगायी जाएगी। उसहैत और कादरचौक क्षेत्र में तम्बाकू के खेतों में मक्का होती है। जिसकी पैदावार अधिक होती है। किसानों को हाइब्रिड मक्का से दोहरा लाभ मिलता है। हालांकि कुछ किसान गेहूं काट कर भी मक्का लगाते हैं वह बारिश में तैयार होती है जिससे किसानों को परेशानी होती है।
> –**मनोज कुमार**

# मंदिर से घंटे चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव चंदौरा स्थित मंदिर से दो बाइक सवार चोर पीतल के घंटे चुराकर भाग रहे थे, ग्रामीणों ने एक किलोमीटर दूर गांव बहेडिया तक पीछा करते हुए चोरों को पकड़ लिया। चोरों के पास से थैले से घंटे बरामद हुए। पुलिस मौके पर पहुंची। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम दातागंज निवासी बाबू और पवन बताया। उनकी बाइक भी संदिग्ध बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव निमढोली निवासी अनेक पाल और धर्मवीर शादी समारोह में शामिल होने के लिए अलापुर में बाइक से जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर अलापुर से कुछ आगे किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने अनेक पाल को मृत घोषित कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

## बिल्सी में आज निकलेगी महाकाल की शाही बारात

**बिल्सी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में 15 फरवरी को बाबा महाकाल की शाही बारात धूमधाम से निकाली जाएगी। आयोजनकर्ता श्री महाकाल बाबा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रात: 10 बजे अंबियापुर से बारात प्रस्थान कर श्री शिव शक्ति भवन मंदिर पहुंचेगी। बारात में आकर्षक झांकियां, भूत-प्रेतों की झलकियां और बैंड-बाजों की गूंज श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में सराबोर करेगी। सायं 6 बजे मंदिर परिसर में शिव विवाह का आयोजन होगा। समिति ने श्रद्धालुओं से सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। इस बाबा महाकाल की शाही बारात के आयोजन को देखने के लिए आसपास के गांवों के लोग भी बिल्सी नगर में आते हैं। इसके लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## पंचायत सफाई कर्मचारी संघ का अधिवेशन आज

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रांतीय आवाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के घटक उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ का अधिवेशन रविवार को होगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि अधिवेशन लोक निर्माण विभाग के एकता भवन में आयोजित होगा। जिसमें समस्त घटक संघों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं को भी प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।

## विधायक हरीश ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

**बिल्सी, अमृत विचार :** विधायक हरीश शाक्य ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढकपुरा मीरापुर में नवनिर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर उनका प्रयास निरंतर जारी है, और सड़क मार्गों के सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में नवीन सड़कों का जाल बिछाया जा चुका है, लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसी न किसी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिल्सी विधानसभा तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, केपी लोधी, दद्दूराम शर्मा, सुनील शाक्य, उपदेश तोमर, दिनेश यादव, राजवीर यादव, आर्येंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# शिवालय सजधज कर तैयार, महादेव का जलाभिषेक आज

### महाशिवरात्रि पर कछला के गंगा घाट से कांवड़ में जल भरकर शिवालयों में शिव भक्तों ने डाला डेरा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शिवालयों को रंगीन झालरों और फूल पत्तियों से सजाया गया है। गंगा घाट से जल लाने वालों भक्तों ने शिवालयों में डेरा जमा लिया। जिससे भोर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक कर सकें। कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर बरेली मथुरा हाईवे पर भारी वाहनों को डायवर्ट रूट से निकाला जा रहा है। कछला गंगा घाट पर कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम अवनीश कुमार राय ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कछला गंगा घाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

महाशिवरात्रि के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के बिरुआबाड़ी मंदिर, हर प्रसाद मंदिर और गौरी शंकर मंदिर के साथ देहात क्षेत्र के मंदिरों में भगवान शिव का जल व दुग्धाभिषेक करेंगे। इसको लेकर मंदिर परिसरों सहित आसपास के इलाके सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसरों में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतार लगेंगी। इसके लिए बैरिकेडिंग लगाई गई हैं। शनिवार को डीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था देखने के बाद कछला गंगा घाट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं दूसरी ओर शिवरात्रि पर्व को लेकर शिवालयों को रंगीन विद्युत झालरों और फूल पत्तियों से सजाया गया है।


अधिकारियों के साथ गंगा घाट का निरीक्षण करते डीएम अवनीश कुमार राय।


काव़ड लेकर शिवालयों की ओर बढ़ते भक्त। ● अमृत विचार


हर प्रसाद मंदिर में व्यवस्थाएं देखते डीएम। ● अमृत विचार

### बरेली मथुरा हाईवे गूंजे बोल बम के जयकारे

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बरेली मथुरा हाईवे के साथ कछला गंगा घाट भगवा रंग में रंग गया है। रोड पर शिवभक्त बोल बम के जयकारे लगा रहे थे। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कुछ लोगों के द्वारा कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर लगाए गए थे। जहां उनके खाने-पीने और ठहरने की पूरी व्यवस्था की गई है। कांवड़िये ट्रैक्टर-ट्राली पर डीजे लगाकर भोले के भजनों पर नाचते गाते शिवधामों की ओर जाते दिखे।

### सौ रुपये किलो बिक रहा बेर

महाशिवरात्रि पर भक्त भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के साथ ही व्रत रखते हैं। मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा करने के लिए मंदिरों में भीड़ उमड़ी है। भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाता है। जलाभिषेक के साथ ही शिवजी को बेर अर्पित किए जाते हैं। महाशिवरात्रि पर बेर का विशेष महत्व होने पर इस दिन यह फल महंगा रहा। अब से चार पहले बेर 50 से 60 किलो बिक रहा था। शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर बेर 80 से सौ रुपये किलो बिक रहा है। बेर के साथ अन्य फलों पर महंगे हो गए। पपीता के दाम ठीक दोगुने हो गए हैं।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा हाईवे

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समूचा क्षेत्र शिवमय हो गया है। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर शनिवार सुबह से ही शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हरिद्वार और संभल के राजघाट से पवित्र जल लेकर आ रहे कांवड़ियों की लंबी कतारों से हाईवे दिखाई दी। हाईवे केसरिया रंग में रंगा नजर आया। चारों ओर गूंजते हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे सहित सीमावर्ती इलाकों में कांवड़ियों की सेवा के लिए जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है। शिव भक्त इन शिविरों में विश्राम कर जलपान और प्रसाद ग्रहण करते दिखाई दिए। भक्ति का आलम यह रहा कि युवा ही नहीं, बल्कि महिलाएं और नन्हे-मुन्ने बच्चे भी कांवड़ कंधे पर उठाए भोले की भक्ति में दिखाई दिए। शाम के समय स्थानीय शिवालयों और मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ जुट गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है। गांव की गलियों से लेकर मुख्य चौराहों तक हर तरफ उत्साह का माहौल है। कांवड़ियों की टोली डीजे की धुनों पर नाचते-गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ रही है। जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे और सेवा शिविरों सेवा भाव का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। जिसमें पूरणमल गुप्ता, मोहित कुमार गुप्ता, रोहित गुप्ता, अनिल कुमार, डॉ. राजेश मौर्य, ध्रुव कुमार चेतन मिश्रा और पुनीत कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


कांवड लेकर जाती किशोरियां।

## कैरम प्रतियोगिता में अलीशा बी प्रथम, प्रतीक्षा द्वितीय


राजकीय महिला महाविद्यालय में शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● राजकीय महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ तीन दिवसीय क्रीड़ा समारोह

**अमृत विचार :** राजकीय महिला महाविद्यालय में तीन दिवसीय क्रीड़ा समारोह का आरंभ हुआ। पहले दिन कैरम, शतरंज, बैडमिंटन की प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ. वंदना ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में खेलोगे कूदोगे बनोगे नवाब की सार्थकता है। प्रतियोगिता से पहले क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सतीश कुमार ने खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई और खेल के नियम समझाए।

कैरम प्रतियोगिता में 90 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बीए चतुर्थ सेमेस्टर की अलीशा बी पहले, बीए द्वितीय सेमेस्टर की प्रतीक्षा मिश्रा दूसरे और बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की सना तीसरे स्थान पर रहीं। संयोजक व निर्णायक डॉ. बृजेश कुमार व सरिता गौतम रहे। शतरंज प्रतियोगिता में 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बीए की शाहीन सैफी को पहला, गौरवी साहू को दूसरा और हंसमुखी तीसरे स्थान पर रहीं। संयोजक व निर्णायक डॉ. ऋषभ भारद्वाज व अर्चना पांडेय रहे। वही बैडमिंटन प्रतियोगिता में 160 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रोहित कुमार, अफसाना खातून, राजीव पाली का सहयोग रहा।

### टेबल टेनिस में अर्पित और सुहालिया चैंपियन

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय इंडोर प्रतियोगिता के दूसरे दिन टेबल टेनिस और कैरम प्रतियोगिता हुई। टेबल टेनिस के छात्र वर्ग में अर्पित और छात्रा वर्ग में सुहालिया खान चैंपियन बनीं। छात्र वर्ग में आजिंक्य को दूसरा, विशाल पाराशरी को तीसरा और छात्राओं में प्रतीक्षा को दूसरा व अस्मिता सागर को तीसरा स्थान मिला। कैरम की प्रतियोगिता में सोनाली विजेता और अलीशा उप विजेता बनीं। वहीं भावना सागर तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. सारिका शर्मा, डॉ. गौरव कुमार शर्मा, डॉ. जुनैद आलम रहे। स्कोरर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सचिन राघव व डॉ. संजय कुमार रहे। प्रतियोगिता क्रीड़ा प्रभारी डॉ. हुकुम सिंह की देखरेख में हुई। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने विजेताओं को मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र वितरित किए। डॉ. बबिता यादव, डॉ. ज्योति विश्नोई, डॉ. प्रियंका सिंह, संजीव शाक्य, प्रमोद शर्मा आदि उत्साहवर्धन किया।

## अनुरक्षण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● बिजली निगम अधिकारियों को दी हिदायत, नहीं होगी लापरवाही

**अमृत विचार :** गर्मियों से पहले ही अनुरक्षण कार्य पूरा करने के निर्देश बिजली विभाग को दिए गए हैं। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली विभाग को फरवरी माह में ही शत प्रतिशत काम पूरा करने को निर्देशित किया गया है। केबल और जर्जर लाइनों को चिन्हित कर काम शुरू किया जाएगा।

जनपद में जर्जर लाइनों में अक्सर फाल्ट होते रहते हैं जिससे घंटों को बिजली बाधित रहती है। गर्मी में बिना पंखा कूलर के घरों कार्यालयों में बैठना मुश्किल हो जाता है। उक्त समस्या को लेकर मध्यांचल विद्युत वितरण खंड को निर्देशित किया गया है कि बिजली की लाइनों केबल और जर्जर खंभों का काम फरवरी माह में ही पूरा किया जाए जिससे मार्च से शुरू हो रही गर्मी में उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। उक्त आदेशों का हवाला देते हुए शनिवार को अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि अनुरक्षण का कार्य शुरू किया जाएगा। पहले जर्जर लाइनों को चिन्हित किया जाएगा उसके बाद उनकी मरम्मत की जाएगी। बताया कि इस समय जनपद के सभी 58 बिजली घरों पर कार्य किया जा रहा है। एक एक बिजली घर की सप्लाई रोक कर मरम्मत की जा रही है। सभी बिजली घरों का काम पूरा हो चुका है। अब केबल लाइन और खंभों पर काम शुरू किया जाएगा।

अधिशासी अभियंता प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि खंड प्रथम में करीब पांच सौ मीटर बिजली की लाइन बदली जा चुकी है। जबकि एक हजार मीटर लाइन खींच कर टाइट की गयी है। झूलती लाइनों को ठीक किया जा रहा है। उक्त कार्य 28 फरवरी तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं इसलिए रात दिन लाइनो पर काम किया जा रहा है।

### दातागंज क्षेत्र में लगेंगे सौ नए खंभे

दातागंज क्षेत्र में करीब सौ से अधिक खंभों को हटाकर नए खंभे लगाए जाएंगे। इस क्षेत्र में दोनो बिजली घरों की केबल बदली जाएंगी। बिजली घर से बाहर सप्लाई देने को चार दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मरों की मरम्मत कर लगाए गए हैं। ट्रिपिंग रोकने को लाइने चेक की जा रहीं हैं। डहरपुर और कासपुर क्षेत्र में झूलती लाइनों को कसा जा रहा है। जिससे बिजली का लोड पड़ने पर स्पार्किंग न हो। उपभोक्ताओं की शिकायतों पर यह कार्य किया जा रहा है।

## आलू के भंडारण को तैयार हुए कोल्ड स्टोर


नवनिर्मित कोल्ड स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन के मौके पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

● बदायूं जनपद में अब 160 हुई कोल्ड स्टोरेज की संख्या

**अमृत विचार :** आलू का सीजन शुरू हो चुका है। किसान और शीत ग्रह मालिक अच्छे दाम और अच्छी पैदावार के प्रति आसमान हैं। बेहतर पैदावार होने से किसानों को भारी खुशी है। आलू की फसल तैयार है। नव निर्मित कोल्ड स्टोर भी आलू भंडारण को तैयार हो रहे हैं।

एक किसान की आय पर पूरी अर्थव्यवस्था निर्भर है। अच्छी फसल अच्छे दाम से सभी दुकानों में रौनक बनेगी। बदायूं जिला आलू, मक्का और मेंथा के लिए प्रसिद्ध है। जिले में लगभग 160 कोल्ड स्टोर किसानों का इंतजार कर रहे हैं। जिले में आलू की चिप्सोना वन और थ्री नस्ल की पैदावार सबसे अधिक होती है। आलू की फसल के बाद मक्का की खेती होती है। बदायूं के कोल्ड स्टोर में प्रति कुंतल आलू का किराया 280 से 290 रुपए है। तहसील बिसौली क्षेत्र में एक तरफ आलू की फसल ज्यादा होती है तो वहीं इस क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज भी ज्यादा हैं।

## 27 तक चलेगा मिजिल्स रूबेला उन्मूलन अभियान

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार मिजिल्स रूबेला उन्मूलन के लिये प्रतिबद्ध है। इसके लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एमआर अभियान का आयोजन 16 से 27 फरवरी तक आरआई दिवसों (बुधवार शनिवार एवं रविवार को छोड़कर) किया जाएगा। उक्त अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी सरकारी प्राइवेट शिक्षण संस्थानों में कक्षा-1 से 5 तक के बच्चों को एमआर वैक्सीन की डोज दी जाएगी।

विद्यालयों मदरसों इत्यादि के प्रधानाध्यापक प्रबन्धक एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ अन्य सम्बन्धित को स्कूल आधारित एमआर अभियान की सफलता के लिए कहा गया है। मिजिल्स रूबेला बीमारी में पहले बच्चे को बुखार आता है, चौथे या पांचवें दिन शरीर पर लाल रंग के चकत्ते दिखाई देने लगते हैं और लगभग 4 से 5 दिन के बाद गायब हो जाते हैं। इन लक्षणों के साथ साथ नाक का बहना, खांसी तथा आंख का लाल होना आदि लक्षण हो सकते हैं। नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत इस बीमारी के बचाव को राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण सारणी के अनुसार बच्चे को 9 माह की आयु पूर्ण होने तक एवं 16 से 23 माह की आयु के बीच मिजिल्स रूबेला की एक-एक खुराक दी जाती है। अगर 5 साल तक के सभी बच्चों को मीजल्स रूबेला की दोनों खुराक मिल जायें तो ऐसी स्थिति में इस बीमारी का उन्मूलन किया जा सकता है। खसरा रूबेला बीमारी के ठीक होने के बाद भी दाने निकलने से 28 दिन तक बच्चे को निमोनिया एवं डायरिया जैसे जटिलतायें हो सकती हैं।

## महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय मेला

**वितरोई, अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनभर से अधिक गांवों में महाशिवरात्रि पर्व पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

महाशिवरात्रि पर्व पर भक्त शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहेगा। हर्षोल्लास से मनाए जाने वाले पर्व पर तीन दिवसीय मेला लगता है। क्षेत्र के नेथुआ, परमू, सिकंदराबाद, वितरोई, कोल्हाई सहित जगह समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से मेला आयोजित होता है। सूरजपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, लालमान, तोताराम, हरिराम, शेरसिंह, प्रवेश कुमार, राशिद, बीरेंद्र वाल्मीकि संजीव सक्सेना, सर्वेश गुप्ता, हरिओम माहेश्वरी, फिरोज खान,आदि की सक्रियता रहती है। उपजिलाधिकारी सहसवान से मेले की परमिशन ली गई है।

## ग्राम सभा की जमीन पर प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव


पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य को ज्ञापन देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर अतिराज में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा हटाए जाने का मामला पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य के सामने पहुंचा था। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक के आवास पर जाकर जानकारी दी थी और प्रतिमा लगवाने की मांग की थी। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा मिला था। शुक्रवार को गांव के प्रधान और ग्रामीणों की बैठक हुई। स्कूल के पास खाली पड़ी ग्राम सभा की जमीन पर बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने की सहमति बनी है। डॉ. भीमराव आंबेडकर समाज सेवा समिति नाम से एक समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, सचिव सत्येंद्र कुमार, उप सचिव हरिओम, कोषाध्यक्ष आतोष कुमार बने हैं।

खेती

रबी सीजन में 26659 बोतल नैनो डीएपी का किसानों ने किया इस्तेमाल

# नैनो खाद से किसानों की बढ़ी पैदावार, घटी लागत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


आलू के खेत में फसल का भ्रमण करते इफको के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● जायद की फसल के लिए राज्य विपणन प्रबंधक ने किसानों को किया जागरूक

**अमृत विचार:** जिले में डीएपी को लेकर भारी किल्लत रही थी। किसान एक एक कट्टे के लिए भटक रहे थे। वहीं कुछ किसानों के द्वारा नैनो डीएपी पर भरोसा करते हुए उसका इस्तेमाल किया। जिससे न सिर्फ उनकी पैदावार बढ़ी बल्कि लागत भी कम आई। किसानों के भरोसा जताने पर रबी सीजन में 26659 बोतल इफ्को केंद्रों से बेची गई। जिससे उत्साहित इफको के पदाधिकारी जायद सीजन में नैनो की खपत दोगुना करने के लिए किसान सभा आयोजन किसानों के इसके लाभ से परिचित करा रहे हैं।

जिले में करीब 1.95 लाख हेक्टेयर में गेहूं, 28 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू और करीब 70 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों की फसल रबी सीजन में किसानों के द्वारा उगाई गई है। इसके अलावा अन्य फसलों की भी बुवाई किसानों के द्वारा की गई। बुवाई के दौरान किसानों को डीएपी की आवश्यकता होने पर सहकारी समितियों पर लाइन लगाकर खड़ा रहना पड़ा। किसान को एक एक कट्टा डीएपी के लिए मारा मारी करनी पड़ी। डीएपी का कट्टा न मिलने पर कई किसान ऐसे रहे कि उन्हें दानेदार डीएपी के स्थान पर नैनो डीएपी को तरजीह दी। इफको के पदाधिकारियों के अनुसार जिले में रबी सीजन के दौरान 26659 बोतल इफको केंद्रों से बेची गई। जिन किसानों ने नैनो डीएपी का इस्तेमाल किया था। उनकी न सिर्फ लागत कम आई बल्कि पैदावार भी अधिक हुई। शनिवार को इफको के राज्य विपणन प्रबंधक यतेंद्र तेवतिया ने उप महाप्रबंधक इफको लखनऊ एसपी सिंह और क्षेत्र प्रबंधक जितेंद्र कुमार के साथ सालारपुर ब्लॉक के किसान अशोक शर्मा के खेत में पहुंचकर आलू के खेत का भ्रमण किया। अशोक शर्मा ने बताया कि नैनो डीएपी के इस्तेमाल से आलू का उत्पादन अच्छा हुआ है। इसके बाद इफको के अधिकारियों ने सालारपुर ब्लॉक केंद्र पर किसान सभा का आयोजन कर नैनो डीएपी के बारे में जानकारी दी। राज्य विपणन प्रबंधक यतेंद्र तेवतिया ने किसानों से कहा कि वह रासायनिक उर्वरकों की खपत कम कर वैज्ञानिक खोजों में सिद्ध अन्य उपयोगी तकनीक जैसे जैविक उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जल घुलनशील उत्पादों का इस्तेमाल करें। यह उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल हैं। जीएम जसवीर सिंह ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों की सब्सिडी के बारे में जानकारी प्रदान दी।

## बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी


छात्राओं व महिलाओं को जानकारी देती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

● खिरिया बाकरपुर इंटर कॉलेज में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खिरिया बाकरपुर में शनिवार को मिशन शक्ति 5 तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को एकत्र कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा नशा मुक्ति भारत अभियान की जानकारी दी गयी ।साथ ही बालिकाओं की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हे हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक रोहित सिंह, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, महिला आरक्षी संगीता, कोसीन, मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्रायपुर के बहुचर्चित मंदिर में विराजे भगवान

**बिसौली, अमृत विचार** : नगर से 6 किलोमीटर दूर आंवला रोड स्थित गांव हर्रायपुर का बहु चर्चित मंदिर महाशिवरात्रि से पूर्व शनिवार को बनकर तैयार हो गया। मां मानस देवी नाम के इस भव्य मंदिर का निर्माण करीब एक करोड़ रुपए की लागत किया गया है। मंदिर में खास बात ये है इसके निर्माण में सभी व्यवस्थाएं प्रसादी लाल यादव की अगुआई में गांव वालों ने आपसी सहयोग से जुटाई। शनिवार को मंदिर में देवी देवताओं की प्रतिमाओं की विधिपूर्वक प्राणप्रतिष्ठा की गई। साथ ही इस पावन अवसर पर क्षेत्र के हजारों भक्तों के लिए भंडारे में भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

### बिसौली थाने का हुआ अर्धवार्षिक निरीक्षण

**बिसौली, अमृत विचार** : शनिवार को बिसौली थाना दिवस के अवसर पर एसपी देहात हृदेश कठेरिया ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। करीब डेढ़ बजे एसपी देहात हृदेश कठेरिया पहुंचे, उपस्थित आरक्षी और थानेदार राजेंद्र सिंह पुंडीर ने सलामी देकर स्वागत किया। कुछ देर बाद लोगों से हृदेश कठेरिया रूबरू हुए, उन्होंने आने वाले सभी त्योहारों पर संयम और सौहार्द का संदेश दिया। बातचीत के दौरान उन्होंने मौजूद लोगों से उनकी समस्याएं और समाधान हेतु विचार मांगे। एसपी देहात ने सभी को आने के लिए धन्यवाद किया, और विभागीय निरीक्षण के बाद रवाना हो गए।

# डीएम ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

## केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां समय पूर्व पूरी करने को कहा


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम अवनीश कुमार राय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार**: बोर्ड परीक्षा नजदीक है। केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्न पत्रों को पहुंचाया जा रहा है। परीक्षा शुरू होने में समय कम होने पर प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारी हो रही है। अधिकारी भ्रमणशील बने हुए हैं। शनिवार को डीएम अवनीश कुमार राय ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने शनिवार को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बदायूं, कैप्टन गजराज सिंह इंटर कॉलेज बुटला उझानी का निरीक्षण किया। इन केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### केंद्रों पर परीक्षा की तैयारियां पूर्ण करते व्यवस्थापक



**बिसौली, अमृत विचार** : 18 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। क्षेत्र के गांव शहर बरौलिया स्थिति सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। केंद्र पर परीक्षा की तैयारी पूर्ण हो गयी। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा के अनुसार विभाग से प्राप्त प्रश्नपत्रों को वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद व स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रत्न लाल सिंह पशुधन विकास अधिकारी की उपस्थिति में सीसीटीवी की निगरानी में स्ट्रांग रूम में सील्ड कर रख दिए गए। स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे 24 घण्टे संचालित रहेंगे तथा दो पुलिस बल के कर्मचारी हर समय तैनात रहेंगे। इस परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल के चार सौ ग्यारह व इंटरमीडिएट परीक्षा के तीन सौ पच्चीस परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा, साक्षरता क्लब सक्रिय करें

**बदायूं, अमृत विचार** : शनिवार को जिला निर्वाचन अवनीश राय ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की। इस दौरान डीएम ने कॉलेजों में गठित साक्षरता क्लब को सक्रिय करने के आदेश दिए। साथ ही कहा कि 18 से 20 आयु वर्ग के युवा तथा पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के आदेश दिए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी पात्र महिलाएं जिनका नाम आलेख्य मतदाता सूची में किसी कारणवश सम्मिलित नहीं है उन्हें भी मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाए। स्कूल कॉलेजों में गठित चुनावी साक्षरता क्लब को सक्रिय किया जाए। शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष अभियान चलाकर अर्ह छात्र/छात्राओं का पंजीकरण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वैभव शर्मा सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लापरवाही से पंचायत घर की छत पर पड़ा है बिजली तार

**कुंवरगांव, अमृत विचार** : सलारपुर बिजली उपकेंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। सलारपुर बिजली उपकेंद्र के गांव फरीदपुर चकोलर के पंचायत घर में लगा बिजली का खंभा 22 मई 2025 को आंधी में टूट गया था। जिसकी लिखित शिकायत ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने बिजली उपकेंद्र पर दी थी।

लेकिन आज तक खम्भा नहीं लगाया गया है। बिजली लाइन के तार को पंचायत घर की छत पर डाल दिया गया है जिससे हादसे का डर बना हुआ है। प्रधान राजेश कुमार का कहना है कि उनके द्वारा लगातार जेई से फोन कर खम्भा लगाने के लिए कहा जा रहा है लेकिन उनको एक दो दिन की बात कहकर टाला जा रहा है। आठ माह बीतने के बाद भी बिजली पोल नहीं लगाया गया है। बिजली विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि अगर ऐसी स्थिति में कोई हादसा होता है तो बिजली विभाग ही जिम्मेदार होगा। बता दें कि बिजली निगम के कर्मचारियों की लापरवाही से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# ईई ने उपखंड कार्यालय व कैंपों का किया निरीक्षण


बिल्सी उपखंड कार्यालय का निरीक्षण करते बिजली विभाग के अधिकारी।

संवाददाता, बिल्सी

● 54 उपभोक्ताओं ने जमा किए 7.8 लाख रुपये

**अमृत विचार** : विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अधिशासी अभियंता वाणिज्य (ईई) रमेश चंद्र भारती ने शुक्रवार को बिल्सी उपखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने अभिलेखों की जांच की तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के दिधौनी और परौली गांव में आयोजित विद्युत समाधान कैंपों का भी जायजा लिया। कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने कर्मचारियों को विद्युत बिल समाधान योजना में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने बिल्सी कस्बे में उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क कर विद्युत चोरी के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने की चेतावनी दी। स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उपखंड के अंतर्गत आयोजित कैंप में 54 उपभोक्ताओं ने कुल 7.8 लाख रुपये जमा कर बकाया बिलों का निस्तारण कराया। अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी समाधान कैंप जारी रहेंगे, ताकि राजस्व वसूली में वृद्धि हो। इस मौके पर उपखंड अधिकारी जयप्रकाश राजपूत तथा अवर अभियंता गजेंद्र पाल सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार** : महाशिवरात्रि, रमजान व होली आदि त्योहारों के चलते शनिवार को थाना फैजगंज बेहटा में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गईं। बैठक में पुलिस प्रशासन की ओर से थाना क्षेत्र के वालंटियर्स, धर्मगुरु और प्रबुद्धजनों को बुलावा दिया गया था। नवागत प्रभारी निरीक्षक मनोज वर्मा ने त्योहारों पर क्षेत्र में अमन शांति व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पुलिस असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचित करने को कहा। गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।


पीस कमेटी की बैठक में लोगों के साथ चर्चा करते नवागत प्रभारी निरीक्षक मनोज वर्मा।

### पुलिस ने की पीस कमेटी की बैठक

**उसहैत, अमृत विचार** : होली पर्व महाशिवरात्रि एवं रमजान माह को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने पीस कमेटी की बैठक कर कहा त्योहारों को भाई चारे के साथ मनाएं। पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा त्योहारों के समय भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चोर उचक्के एवं अपराधी सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे अपराधियों की धरपकड़ को पुलिस टीमें गठित की गई हैं। किसी भी हालत में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। इस मौके पर चेयरमैन नवाब हसन, पूर्व चेयरमैन श्रीराम कश्यप, महेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता केशव भारद्वाज, एस शाहिद अली, प्रधान राकेश राठौर, प्रधान देवेंद्र प्रधान रमजान अली, सभासद राजीव भारद्वाज, अशोक शाक्य, सभासद अलीजान आले हसन, मुजीब, जीशान, आसिम, सुरेश चन्द सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव परिसर में होगा हिंदू सम्मेलन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव परिसर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होने पर आयोजित सम्मेलन में दूर दराज से संघ के वरिष्ठ प्रचारक व संत समाज के लोग भाग लेंगे। सम्मेलन में महामंडलेश्वर संजीव कृष्णन, श्री श्री 1008 मधुसूदनाचार्य, आचार्य मुमुक्ष कृष्ण शास्त्री, वरिष्ठ संत रवि समदर्शी, प्रभुदास प्रवीन आदि संतों का आगमन होगा। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पंचतत्व संस्था की ओर से भंडारा और भजन संध्या भी होगी।


गांव सराय में चल रहीं तैयारियां।

● महाशिवरात्रि पर कराया जाएगा भंडारा और भजन संध्या

सुप्रसिद्ध भजन गायक शिल्पी कौशिक और दुष्यंत कुमार राजा समेत अन्य गायक-गायिका भी शिव भक्तों को आनंदित करेंगे। कार्यक्रम संयोजक राकेश वर्मा और सह संयोजक कालीचरन दिवाकर रहेंगे।

# नगर पालिका ने बनवाया स्टेशन मार्ग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● जर्जर सड़क पर एक माह पूर्व डाला गया था बजरफुट

● सड़क बनते ही राहगीरों और दुकानदारों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार** : जर्जर हो चुका रेलवे स्टेशन मार्ग पर शुक्रवार को मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया जिससे इस रोड से गुजरने वालों की राह अब आसान हो गयी है। सड़क बनने से स्थानीय दुकानदारों ने खुशी जाहिर की है। इसके साथ ही शहर के अंदर की अन्य सड़कों की मरम्मत भी शुरू कर दी गयी है।

शहर के अंदर लगभग सभी सड़कें जर्जर स्थिति में थीं। जिन पर लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे थे। लोगों ने नगर पालिका परिषद से सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की थी। लेकिन पिछले साल सड़कों पर काम नहीं हो सका। इस साल जनवरी में नगर पालिका ने शहर की जर्जर सड़कों पर जैसे ही पत्थर डालने शुरू किए तो लोगों को लगा कि अब सड़कों की मरम्मत की जाएगी। जनवरी के प्रथम सप्ताह में सड़कों पर पत्थर डाले गए। उसके बाद कोई काम नहीं हुआ। अब नागर पालिका ने उन्ही सड़कों पर काम शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को रेलवे क्रॉसिंग से लेकर रेलवे स्टेशन तक बजरी डालनी शुरू कर दी। रेलवे स्टेशन से आगे चौराहे तक पूरा रोड नया कर


रेलवे स्टेशन रोड का होता निर्माण।

दिया गया। नवनिर्मित सड़क पर रोड रोलर चलाया गया। करीब आठ सौ मीटर की यह सड़क सुबह से बननी शुरू हुई जो शाम तक पूरी कर दी गयी। इस सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए थे जिससे स्थानीय दुकानदारों के साथ ही अन्य राहगीरों को परेशानी का कारण बनी हुई थी। बारिश में सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से हादसे होते थे। आज सड़क बन जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। उधर गद्दी चौक से लेकर शहवाजपुर बाईपास तक भी सड़क जर्जर थी इस पर भी पत्थर डाला गया था। नगर पालिका परिषद की ओर से बताया गया कि सड़क को दो दिन में बना दिया जाएगा।

### बाजार को जोड़ने वाली सड़क पर होगा काम

शहवाजपुर चौराहे से लेकर टिकट गंज चौराहे तक करीब सात सौ मीटर की सड़क बाजार को जोड़ती है। इस सड़क की मरम्मत को दुकानदारों ने नगर पालिका को पत्र लिख कर मरम्मत की मांग की थी। अब उस सड़क पर भी काम शुरू होने वाला है जिससे दुकानदार और शहर के अन्य लोगों में खुशी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब दस साल पूर्व सड़क की मरम्मत की गयी थी। उसके बाद काम नहीं किया गया जिससे पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क बनने से लोगों को सुविधा होगी।

**सड़क मरम्मत के बाद नालों की होगी सफाई** : सड़कों की मरम्मत शुरू होने के साथ ही अब नालों की सफाई भी जल्द ही शुरू कराई जाएगी जिससे बारिश में कहीं पर भी जलभराव न हो। नगर पालिका प्रशासन ने प्रथम चरण में दस बड़े नालों को चिन्हित किया है जहां सफाई कराई जाएगी। उसके बाद अन्य नालों पर काम किया जाएगा। मार्च तक सभी नालों की सफाई पूरी होने की संभावना है। इस पर पालिका प्रशासन ने तेजी से काम शुरू कर दिया है।

# एडीओ पंचायत कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, कुंवरगांव

● भवन निर्माण के लिए ठेकेदार ने स्टार्टर से जोड़ी थी केबल

**अमृत विचार** : विकास क्षेत्र सालारपुर के एडीओ पंचायत कार्यालय में समरसेबल के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने की सूचना पर अफरा तफरी मच गई।

शनिवार को सरकारी अवकाश था। कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। एडीओ पंचायत कार्यालय में लगे समरसेबल के स्टार्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ब्लॉक पर चल रहे काम के ठेकेदार ने समरसेबल चलाने के लिए स्टार्टर से केबल जोड़ रखी थी। अचानक स्टार्टर में शॉर्ट सर्किट हो गया। धुआं निकलता देखकर श्रमिक दौड़े। किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से सीलिंग और अन्य सामान जल गया। एडीओ पंचायत शिव कुमार ने बताया कि सरकारी अवकाश के चलते कार्यालय बंद था। ब्लॉक पर कृषि विभाग के भवन का निर्माण चल रहा था। पानी के लिए ठेकेदार ने केबिल जोड़ी थी। जिससे हादसा हो गया।

# सनातन बोर्ड ने उठाई समस्याएं, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : शुक्रवार को अखिल भारतीय सनातन बोर्ड कार्यकारिणी पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर जनता की समस्याओं से अवगत कराते हुए लंबे समय से टूटी हुई सड़कों का मुद्दा उठाते हुए हुए एक ज्ञापन पत्र सौंपा

सनातन बोर्ड जिला अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने शहर के मध्य की प्रमुख सड़कों में दिनेश चौक–गांधी ग्राउंड चौराहे से जफा की कोठी, जफा की कोठी से पथिक चौक, गांधी ग्राउंड मंदिर वाले चौराहे से सुभाष चौक, सुभाष चौक से आर्य समाज चौक तक सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने पर रोष जताया है। कहा कि लोगों को


नगर पालिका के ईओ से बात करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सनातन बोर्ड कार्यकारिणी प्रमुख उपेंद्र उपाध्याय ने कहा दो पहिया वाहन फिसल कर गिर जाते हैं। प्रशासनिक प्रमुख विजय रतन सिंह, संगठन सचिव अश्वनी भारद्वाज ने एंबुलेंस वाहन स्कूल बसों की समस्या बताई और मार्ग बनाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द काम शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में डॉ सुशील गुप्ता, चंद्रदेव वर्मा, वागीश यादव, ओम प्रकाश कश्यप, अमित कश्यप, एड. के एम् गुप्ता,सभासद मुकेश कश्यप ,सभासद मनोज चंदेल पूर्व सभासद डॉक्टर अमर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मायके जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

**बबराला, अमृत विचार:** मेरठ- बदायूं स्टेट हाईवे पर शनिवार दोपहर बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई। मृतका अपने मायके आ रही थी।

बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव शुजावली निवासी अमरपाल अपनी पत्नी रूपवती (27) को लेकर धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानपुर स्थित ससुराल जा रहा था। बाइक अमरपाल का चाचा रविन्द्र चला रहा था। दोपहर करीब दो बजे गुन्नौर में हाईवे स्थित एचपी ढाबा के सामने रूपवती अचानक असंतुलित हो कर चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ी। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आ गई और सिर से खून बहने लगा। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से अमरपाल ने घायल पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप यादव ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों में हादसे की सूचना पर चीत्कार मचा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैने अपना नाम रविन्द्र कुमार खण्डेलवाल (Ravindra Kumar Khandelwal) से बदलकर रमेश चन्द्र खण्डेलवाल (Ramesh Chandra Khandelwal) कर लिया है, भविष्य में, मुझे रमेश चन्द्र खण्डेलवाल नाम से जाना/पहचाना जाए। रमेश चन्द्र खण्डेलवाल पुत्र स्व.श्री राम निवास खण्डेलवाल निवासी- म.नं. 83, हीरो होण्डा वर्कशाप वाली गली, सिविल लाइन्स बरेली (उ.प्र.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति रामबाबू की मृत्यु दि. 13.01.2025 को हो चुकी है। इनके नाम से आवासीय मकान खसरा नं. 196 ग्राम कांधरपुर तह. व जिला बरेली में है। इस संपत्ति पर पीरामल फाइनेंस लि. से लोन चल रहा था जो कि पूरा हो चुका है। इस सम्पत्ति के कागज श्रीमती शिमला देवी पत्नी स्व. रामबाबू को पीरामल फाइनेंस लि. से छुड़ाने हैं। श्रीमती शिमला देवी पत्नी स्व. रामबाबू नि. खसरा नं. 196 ग्राम कांधरपुर, तह. व जिला बरेली

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रंजीत पुत्र सर्वेश कुमार एक आवासीय मकान जो कि खेत नं. 111 व 112 ग्राम मौजमपुर वाहरचुंगी तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर रकबा 83.58 वर्गमी. तथा इसका मूल बैनामा जिसके विक्रेता श्रीमती फात्मा पत्नी सरदार हुसैन के द्वारा वीरवती पत्नी खेमकरन के पक्ष में निष्पादित हुआ है जिसका पुस्तक संख्या 1 खण्ड संख्या 3454 के पृष्ठ 1-12 क्रमांक 6669 पर दिनांक 5.11.2008 का मूल बैनामा खो गया है जिसकी एफ.आई.आर. दिनांक 11.02.2026 को करा दी है। सोनू सिंह एड सेवा गृह ऋण लि. 9324585756

**परिचय सम्मेलन**
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855

**आवश्यकता है**
लोहे/स्टील के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की जिसको लोहा खरीदने, बेचने, बिल बनाने, स्टाक रजिस्टर बनाने का अनुभव हो।
वेतन योग्यतानुसार
**श्रीवर्धमान स्टील**
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेम नगर, बरेली
9411011666

**आवश्यकता**
मनमीत नगर महाविद्यालय, जगदेवपुर भीरा-खीरी को एम.ए. (कला संकाय) सहायक आचार्य 02 पद, (गृह-विज्ञान 01 पद, हिन्दी साहित्य 01 पद एवं बी.एड. शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष 01 पद) (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।
सम्पर्क सूत्र:- 7080844848, 7080223332
ई-मेल- mnmv21@gmail.com

**आवश्यकता**
मनमीत नगर लॉ कॉलेज जगदेवपुर भीरा-लखीमपुर-खीरी को एल.एल.बी. (विधि संकाय) सहायक आचार्य 05 पद (योग्यता व वेतन यू.जी.सी. के मानकानुसार) आवेदन 10 दिन के अन्दर प्रस्तुत करें।
सम्पर्क सूत्र:- 7080844848, 7080223332
ई-मेल- manmeetnagar37@gmail.com

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।


# चीनी मिलों को पेराई योग्य गन्ने की आपूर्ति करें किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : बेहतर चीनी उत्पादन को शासन स्तर से सभी चीनी मिलों को अच्छे गन्ने की पेराई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गन्ना किसानों को हिदायत दी गयी है कि वह निरोगी गन्ना ही चीनी मिलों को बेंचे, जिससे मिलों का चीनी उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप हो सके।

शासन के निर्देश हैं कि बेहतर चीनी उत्पादन को चीनी मिलें अच्छा निरोगी गन्ना ही खरीदें। गन्ना विभाग द्वारा किसानों को अच्छा गन्ना आपूर्ति करने को कहा जाए। उक्त आदेश को लेकर शनिवार को जिला गन्ना अधिकारी अशर्फीलाल ने कृषकों को हिदायत देते हुए कहा कि यदु शुगर मिल बंद हो जाने के कारण उसके क्रय केन्द्रों को चीनी मिल रूपापुर, हरदोई, चीनी मिल द्वारकेश फरीदपुर, बरेली, चीनी मिल रजपुरा एवं वीनस शुगर मिल संभल की मझावली चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति हेतु आवंटित किया गया है। चीनी मिल रूपापुर के क्रय


शेखूपुर चीनी मिल पर गन्ना लदे खड़े वाहन। ● अमृत विचार

● पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही मिलेगा गन्ने का बीज

● शासन के निर्देश के बाद विभाग ने किसानों को दी हिदायत

केन्द्रों पर गन्ना की कम आपूर्ति होने की दशा में मिल द्वारा मिल बन्दी के सम्बन्ध में नोटिस निर्गत किया गया हैं। इसलिए मिल पर जल्द से जल्द पेराई योग्य गन्ने की आपूर्ति करें। साथ ही कृषक बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु बीज को आवश्यकतानुसार रोकते हुए शेष गन्ने की फसल को शीघ्र ही मिल गेट पर पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि

### बीमार मिला गन्ना तो किसानों को होगा वापस

चीनी मिलों को निर्देशित किया गया है कि यदि किसान सूखा और रोगी गन्ना लेकर आता हैं तो उसे चेक किया जाए। गन्ना निरोगी होने पर ही खरीदा जाए। सूखा गन्ना मिलने पर उसे वापस कर दिया जाए। किसानों को इसकी पहले से ही जानकारी दे दी गयी है जिससे कोई किसान सूखा गन्ना लेकर न पहुंचे। चीनी मिल प्रबंधन को कहा गया है कि गन्ना पेराई सत्र का अंत है इसलिए बेहद सावधानी के साथ गन्ना खरीदें।

बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु शोध केन्द्र शाहजहांपुर, पीलीभीत, पुवायां से जनपद को को.शा. 13231, यू.पी, 14234, को.शा. 17231, को.शा. 13235, को., 15023 प्रजातियों का 830 कुन्तल बीज आवंटित किया गया है, जिसका वितरण कृषि विभाग की पंजीकरण किया किया जा रहा है। कृषकों के पंजीकरण होने पर पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर बीज का बितरण किया जाएगा। उन्होने कहा कि वर्तमान में विभाग के पास आधार प्राथमिक पौधशालाओं में विभिन्न प्रजातियों का गन्ना बीज मौजूद है जिसमें चीनी मिल बदायूँ के क्षेत्र में 52500 कुन्तल तथा चीनी मिल बिसौली के क्षेत्र में 80500 कुन्तल अनुमानित बीज उपलब्ध है। गन्ना बीज हेतु इच्छुक कृषक ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से संपर्क पर अपनी मांग रख सकते हैं।

### बिसौली चीनी मिल के केंद्र भी हुए बंद

बिसौली चीनी मिल क्षेत्र का गन्ना अभी खेतों में 40 प्रतिशत शेष है जो अन्य चीनी मिलों को दिया गया है। बिसौली चीनी मिल के क्रय केंद्र भी बंद हो चुके हैं जिनकी विभाग द्वारा निगरानी की जा रही है। उक्त केंद्रों के आस पास अन्य चीनी मिलों के केंद्र खोले गए हैं जहां किसान अपना गन्ना पहुंचा रहे हैं। गन्ना किसानों को भी इसके लिए आगाह किया गया है। बिचौलियों और गन्ना माफियाओं पर विभाग ने शिकंजा कस दिया है।

